मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-375
07/08/2021

# टोक्यो ओलंपिक 2020 की कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री बजरंग पूनिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 07 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 की कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान श्री बजरंग पूनिया को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने श्री बजरंग पूनिया को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा है कि कुश्ती के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। उन्होंने करोड़ों देशवासियों का दिल जीता है। उनकी इस जीत से पूरा देश गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******